Some of the Mini Steel Plants also have been able to reduce their energy consumption by incorporating new technological features which have brought down the average power consumption to around 600 KWH/tonne.

(b) The average specific energy consumption per tonne of crude steel in the Indian Integrated Steel Plants is 9.57 Gcal as against 4.2—4.5 Gcal in the Japanese steel Plants.

The average Electric Power consumption in the Indian Mini Steel Plants (i.e. 600-900 KWH/tonne) is higher than that in Japanese Plants (400-500 KWH/tonne).

देश में रेलवे कोच फैक्टरियों की स्थापना

1792. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अब तक कितनी रेलवे कोच फैक्टरियां स्थापित की गई हैं आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इनमें से कितनी फैक्टरियों का विस्तार किए जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कुछ और कोच फैक्टरियों की स्थापना किए जाने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) चार—दो रेलवे के क्षेत्र में हैं और दो सार्वजनिक क्षेत्र में। रेलवे क्षेत्र का एक कारखाना यथा सवारी डिब्बा कारखाना मद्रास है जिसका विस्तार किये जाने का प्रस्ताव है।

(ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

महाराष्ट्र में नई लाइनों का बिछाया जाना और छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना

1793. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र सरकार ने नई रेल लाइन बिछाने और छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के पास भेजा है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और कब तक इन परियोजनाओं को संस्वीकृत किये जाने और कार्यान्वित किये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है ।

महाराष्ट्र में रेल लाइन बिछाने और लाइन परिवर्तन के संबंध में विवरण

(क) और (ख) महाराष्ट्र सरकार द्वारा निम्नलिखित रेल परियोजनाओं की सिफारिश की गई है :—

(i) मनमाड–औरंगाबाद मीटर लाइन खंड का बड़ी लाइन में बदलाव तथा बाद में इसका परली बैजनाथ और आदिलाबाद तक विस्तार ।

(ii) लातूर-बार्सी-पंढरपुर-मिरज छोटी लाइन खंड का बदलाव और इसका लातूर रोड तक विस्तार तथा एक नई रेल लाइन बिछाना जो उस्मानाबाद को इस लाइन से जोड़े :

(iii) बीड के रास्ते अहमदनगर से परली बैजनाथ तक नई बड़ी रेल लाइन का निर्माण ।

(iv) खामगांव से जालना तक नई बड़ी रेल लाइन ।

(v) चन्द्रपुर-गोंदिया-जबलपुर मीटर लाइन का बड़ी लाइन में बदलाव ।

(vi) दौड़-वारामती छोटी लाइन का बड़ी लाइन में बदलाव ।